सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 161 | इंदौर, मंगलवार 19 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. IMF: आईएमएफ ने आर्थिक मोर्चे पर भारत को स्टार परफॉर्मर बताया, कहा- वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16% रहेगा
2. चीन में भूकंप से 116 की मौत: 6.1 तीव्रता के झटकों से जब मलबे का ढेर बन गईं ऊंची-ऊंची इमारतें

# 10किमी रफ्तार से आ रही सर्द हवाएं

## दतिया की रात सबसे ठंडी; 15 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम पारा 10 से नीचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। उत्तर भारत में बर्फ पिघलने का असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई दे रहा है। 10KM प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही सर्द हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश के 15 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। दतिया की रात सबसे सर्द रही। यहां न्यूनतम पारा 6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में यह 7.2 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम पारा टीकमगढ़ में 13.5 डिग्री रहा।

दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। सोमवार को 23 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 25 डिग्री के नीचे रहा। पचमढ़ी 19 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मलाजखंड दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। इंदौर में एक ही दिन में 4.2 डिग्री की गिरावट हुई। यहां 23 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई है। अब बर्फ पिघल रही है। वहां से आ रही हवा के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिन तक मौसम का असर ऐसा ही रहेगा। रात के टेम्प्रेचर में और भी गिरावट हो सकती है।

### ◆ 22-23 दिसंबर को बारिश का अनुमान

मौसम वैज्ञानिक हुसैन ने बताया कि 22-23 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश का अनुमान है। तब तक ठंड का असर बना रहेगा।

### ◆ ट्रेन में बैतूल के युवक की ठंड से मौत

सोमवार को कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में एक यात्री का शव इटारसी से दमोह तक 303 किमी सफर करता रहा। ठंड में अटैक से युवक की मौत हो चुकी थी, लेकिन उसके कान में ईयर फोन लगे थे और शव कुर्सी पर कुछ इस तरह से रखा रहा कि दूसरे यात्री उसे नींद में समझते रहे। बाद में यात्रियों ने जबलपुर कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद शव स्टेशन पर उतारा गया। मृतक युवक बैतूल निवासी वसीम (33) पिता अब्दुल सलीम खान बताया गया है।



## इंदौर में तेज रफ्तार हवा से और बढ़ी ठिठुरन

इंदौर में दो दिनों से तेज रफ्तार हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ी है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 1 डिग्री तो वहीं रात के तापमान में भी हल्की गिरावट आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई थी जिससे अब वहां से आ रही हवा का असर इंदौर सहित मालवा निमाड़ में पड़ रहा है। इस कारण तापमान में गिरावट हो रही है। अगले दो-तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। रविवार को दिन का तापमान 24.2. (-3) डिग्री और रात का तापमान 12.6 (+2) डिग्री सेल्सियस था। रविवार की रात इस सीजन की सबसे ठण्डी रात थी। इसके बाद सोमवार को भी मौसम ठण्डा रहा। दिनभर अच्छी धूप रही लेकिन 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने मौसम में काफी ठण्डक घोल दी। इस दौरान दिन का तापमान 1 डिग्री लुढ़ककर 23 (-5) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। ठण्डी हवा का असर रात को भी रहा और तापमान में हल्की गिरावट आई। इस दौरान तापमान 12.2 (+1) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह कोहरा नहीं था लेकिन तेज रफ्तार हवा के कारण काफी ठिठुरन थी। सुबह मौसम साफ था जबकि दृश्यता 5 हजार मीटर तक की थी। दरअसल अभी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण पहाड़ों पर बर्फबारी हुई थी और अब बर्फ पिघल रही है। इससे ठण्डी हवाओं का रुख बना है और दिन-रात के तापमान में गिरावट हो रही है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन के मुताबिक अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने के साथ तापमान में और गिरावट के आसार हैं। 22-23 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से कई हिस्सों में हल्की बारिश भी का अनुमान है। तब तक ठंड का असर बना रहेगा।

# पश्चिमी रिंग रोड़ से प्रभावित किसान 26 दिसंबर को करेंगे महापंचायत

## बैठकों का दौर जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पश्चिमी रिंग रोड जमीन अधिग्रहण को लेकर किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। किसानों ने इसके लिए 26 दिसंबर को महापंचायत बुलाई है। किसान महापंचायत से पहले अलग-अलग गावों में जाकर बैठक कर रहे हैं। रविवार को विश्वनाथ धाम पर बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी किसान नेताओं एवं पश्चिमी रिंग रोड के 39 गांव के किसानों ने भाग लिया एवं सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि हम हमारी जमीन पश्चिम में रिंग रोड में नहीं देंगे।**

26 दिसंबर को होने वाली महापंचायत की तैयारी में पूरी ताकत से किसान जूट हैं। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि पश्चिमी रिंग रोड के प्रभावित किसानों की बैठक विश्वनाथ धाम धर्मपुरी पर संपन्न हुई। जिसमें 39 गांव के किसानों ने भाग लिया एवं सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि हम हमारी जमीन पश्चिम में रिंग रोड में नहीं देंगे।

इसके साथ में ही बुधनी इंदौर रेलवे लाइन के भी प्रभावित किसानों ने भी इसी मांग का समर्थन किया। साथ में इंदौर जिले में जितनी भी योजनाएं चल रही है, उनके प्रभावित किसानों को भी साथ में लेकर बड़े आंदोलन की योजना बनाई गई।

मंडलोई का कहना है कि किसानों ने सामूहिक निर्णय लिया कि पहले तो हम हमारी जमीन देने को तैयार नहीं है। जमीन हमारे बाप दादा की हैं, सरकार कौन होती है उसके बारे में निर्णय लेने वाली। किसानों ने कहा की हमारी जमीन में कहीं ग्रीन बेल्ट डाल दिया जाता है, तो कहीं पर विकास प्राधिकरण हमारी जमीन हमारी मर्जी के बगैर अधिग्रहित कर लेता है।

उनमें तरह-तरह की स्कीम डाल दी जाती हैं,जो की सरासर गलत है। 26 दिसंबर वार मंगलवार समय 11 बजे ग्राम सेमलिया चाऊ मैं होने वाली महापंचायत को सफल बनाने की अपील की है।

# आभूषणों की श्रृंखला का शुभारंभ

### सांसद-विधायक और राजनीतिक हस्तियां र ही मौजूद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। डायमंड, सोने और चांदी के आभूष्णो की भव्य और नवीनतम डिजाईनो की श्रंखला का सांसद शंकर लालवानी और विधायक मधु वर्मा ने शुभारंभ किया। राऊ के मुख्य बाजार स्टेशन रोड पर जागीदार जी ज्वेलर्स का शुभारंभ हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में राजनीतिक हस्तियां शामिल हुई । शोरूम के संचालक धर्मेश जागीरदार ने बताया कि न्यूनतम किस्तों के साथ भी सोने-चांदी के आभूषण खरीद सकते हैं। अंतिम किस्त का भुगतान भी जागीरदार जी ज्वेलर्स करेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वी. एच. पी हुकुमचंद साँवला, उद्योगपति मयूर भाई कुंभानी , भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, चेयरमेन ग्लोबल ग्रुप अवधेश दीक्षित, विधायक मधु वर्मा, सांसद प्रतिनिधि धर्मेश जागीरदार, बीजेपी ग्रामीण महिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शिवनारायण डिंगू, उपस्थित थे।

# गीता भवन में होगा गीता जयंती महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मालवा अंचल के प्रमुख आस्था केंद्र गीता भवन पर 66वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार, 21 दिसंबर को दोपहर 1 बजे वैदिक मंगलाचरण एवं शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। जगद्गुरु शंकराचार्य, पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य, जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज की अध्यक्षता में इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। गीता जयंती का मुख्य महापर्व शनिवार, 23 दिसंबर को गीताजी के सामूहिक पाठ के साथ मोक्षदा एकादशी को मनाया जाएगा। संत विद्वानों के प्रवचन रोजाना दोपहर 1 से शाम 5.30 बजे तक होंगे। गीता जयंती के साथ ही सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ भी 21 से 27 दिसंबर तक आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में रोजाना सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। इस बार गीता जयंती महोत्सव सनातन धर्म एवं संस्कृति को समर्पित रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान रोजाना हजारों श्रद्धालु सनातन धर्म के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए संतों की साक्षी में एक-एक संकल्प लेंगे। सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-मंथन होगा।

# शासकीय स्कूलों में की जा रही विद्यार्थियों की काउंसलिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्य प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की काउंसलिंग का कार्य आरंभ किया गया। इसमें अलग-अलग स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा और अन्य कोर्स को लेकर जानकारी दी जा रही है, ताकि 10वीं और 12वीं के बाद में भविष्य की संभावना के आधार पर तैयारी कर सके। इंदौर जिले के सभी शासकीय स्कूलों में बारी-बारी काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।**

मध्य प्रदेश शासन द्ववारा जिले के शासकीय हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की काउंसलिंग के निर्देश दिए गए है। निदेशार्नुसार जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा स्कूलों में 10वीं और 12वीं के अध्ययनरत विद्यार्थी की काउंसलिंग की जाकर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। यह काउंसलिंग कार्य 15 दिसंबर से (शहरी क्षेत्र के स्कूलों) में किया जा रहा है।

शासकीय आदिवासी सीनियर छात्रावास बड़ा गणपति इंदौर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजरंग नगर इंदौर में काउंसलिंग कर छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान कर एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश तथा उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ शासन की स्वरोजगार योजनाओं एवं कौशल विकास अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण कोर्सों के संबंध में काउंसलर और विषय विशेषज्ञ के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कार्यालय समन्यवक पवन कुमार गोयल ने अपने विभाग की गतिविधियों को बताते हुए इस काउंसलिंग कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। काउंसलर डॉ. रचना बजाज, प्रियंका तिवारी तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राकेश उपाध्याय, विजेंद्र सोगानी, जितेंद्र पांचाल एवं महेश गौड़ ने काउंसलिंग कर मार्गदर्शन प्रदान किया। यह कार्य आगामी आदेश तक जारी रहेगा।

# लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता- कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई टीएल बैठक में निर्देश दिए हैं कि सभी विभागीय अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस अभियान में लाभार्थी संतृप्ति हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

साथ ही सभी अधिकारी डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया को भी सुव्यवस्थित करते हुए, अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड वितरण हेतु शिविर लगाएं जाएं। इसी के साथ ही हेल्थ कैंप्स पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करें।

कटाक्ष




# ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए 45 उड़नदस्तों का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **राज्य शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में इंदौर जिले में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिये ध्वनि मानकों का प्रभावी रूप से पालन कराने के लिये मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत सभी संबंधितों का सकारात्मक बेहतर सहयोग प्राप्त हो रहे है। जिले में धर्म स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्र संबंधितों द्वारा स्वेच्छा से हटाये जा रहे है।**

इस मुहिम को और अधिक प्रभावी तथा गति देने के लिये जिले में 45 उड़नदस्तों का गठन किया गया है। यह उड़नदस्तें थानावार गठित किये गये है। इन उड़नदस्तों में जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी जिनमें मूलतः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित संबंधित थाने के प्रभारी एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित क्षेत्रीय अधिकारी शामिल रहेंगे।

इन उड़नदस्तों की संयुक्त बैठक/प्रशिक्षण आज कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी तथा श्री रोशन राय सहित जिला प्रशासन, पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तार यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरूद्ध उपयोग को प्रतिबंधित करने के संबंध में जारी नियम निदेर्शों और आदेशों के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम करना समाज हित में है। ध्वनि प्रदूषण से मानव जीवन पर प्रतिकूल दूष्?प्रभाव होते है। इसके लिये जरूरी है कि ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिये विधि के अनुसार कार्रवाई की जाये। यह कार्रवाई एकरूपता से हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधितों को समझाईश दी जाये कि वे नियम के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें। कानून, नियम और निदेर्शों की अवेहलना नहीं करें। अवेहलना करने वालों को समझाईश दी जाये कि वे स्वेच्छा से ध्वनि विस्तारक यंत्र हटा लेवें। बैठक में बताया गया कि मुहिम के तहत समझाईश एवं जागरूकता का कार्य तेजी से जारी है। सभी का अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो रहा है। लोग स्वेच्छा से ध्वनि विस्तारक यंत्र हटा रहे है।

बैठक में बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये पुलिस थानावार 45 उड़नदस्तें गठित किये गये है। उक्त उड़नदस्तें द्वारा जांच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर अधिकतम तीन दिवस के अंदर समुचित जांच प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने अनुविभाग अंतर्गत आने वाले थानों के सक्षम प्राधिकारी होंगे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना लोवंशी जिले के लिये नोडल अधिकारी होंगी।

# इंदौर में 'अर्चना' नहीं, अब 'सुदर्शन' से चलेगा आरएसएस ऑफिस

## ◆ सोलर एनर्जी से रोशन होगा रामबाग में बना नया कार्यालय, शाखा भी यहीं लगेगी








@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) का आज इंदौर में नए कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इसका नाम संघ के पूर्व सरसंघ चालक केसी सुदर्शन के नाम पर ह्लसुदर्शनह्व रखा गया है। बताया जा रहा है कि ह्लअर्चनाह्व कार्यालय का शुभारंभ केसी सुदर्शन ने ही किया था। संघ का नया कार्यालय रामबाग में पुराने अर्चना कार्यालय के पास ही पंत वैद्य कालोनी में बनाया गया है।**

सुदर्शन कार्यालय के शुभारंभ के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, मध्य क्षेत्र के संघ चालक अशोक सोहनी, मालवा के प्रांत संघ चालक प्रकाश शास्त्री सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। इंदौर में नए भवन का निर्माण डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा किया गया है।

समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास हिंदूजा और सचिव राकेश यादव ने बताया कि वैदिक रीति एवं मंत्रोच्चार के साथ नए कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। शुभारंभ कार्यालय में भाग लेने के लिए संघ ने सभी आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया था।

बता दें कि यहां 13 दिसम्बर से मन्त्रोच्चार और हवन के माध्यम से अनुष्ठान चल रहा है, जिसमें सुंदर कांड, वास्तु पूजन एवं मंगल आरती भी हुई। बताया जा रहा है कि नए कार्यालय पर प्रति गुरुवार संघ की समन्वय शाखा भी लगेगी।

लोकार्पण कार्यक्रम में सर कार्यवाह दत्तात्रेय हसबोले ने कहा कि मैकाले शिक्षा प्रणाली और मार्क्सवादी विचार के कारण देश राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद भी भौतिक गुलामी में दशकों तक रहा है। समाज को गुलामी के गहरे प्रहार से मुक्त होना चाहिए। इसलिए स्वतंत्रता के आंदोलन करने वालों ने देश के मौलिक आधार पर ही जोर दिया, लेकिन स्वतंत्रता के बाद देश के स्वाभिमान पर आघात हुआ, इसका अनुभव हम करते है।

### समाज ही संघ है

होसबोले ने कहा कि वर्षों तक संघ ने बगैर कार्यालय के काम किया। अब जिला स्तर पर कार्यालय खुलने लगे है। यह विचार शुरू से रहा है कि संघ की कोई प्रॉपर्टी न हो। समाज का हर घर संघ का कार्यालय है, क्योंकि समाज ही संघ है। इंदौर का नया भवन भी समाज के कामों के लिए है। समाज में बदलाव के लिए जो प्रशिक्षण दिए जाने चाहिए।

### 18 हजार वर्ग फीट में बना है नया सुदर्शन कार्यालय

यह कार्यालय लगभग 18 हजार वर्गफीट पर बनाया गया है। जिसमें 29 कमरे और 3 हॉल बनाए गए हैं। नए भवन में स्वागत कक्ष, कार्यालय, किचन, भोजन कक्ष, सेमिनार हॉल, बैठक कक्ष और 150 लोगों के लिए एकल और सामूहिक रहवासी कक्ष बनाए गए हैं। नए कार्यालय में कई आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। नए भवन को ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर तैयार किया गया है। जिसमें सोलर एनर्जी और वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी रखी गई है। नए कार्यालय में 2 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है।

# कई योजनाओं पर कटौती की तलवार...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पर बढ़ते कर्ज और नई सरकार के गठन के साथ ही कई योजनाओं पर कटौती की तलवार लटक गई है। वित्त विभाग ने कई विभागों को योजनाओं को आगे बढ़ने से पहले अनुमति लेने का निर्देश जारी कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार पर लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ का कर्ज है और आगामी समय में संचालित योजनाओं के लिए उसे और कर्ज की जरूरत है। ऐसी स्थिति में कई योजनाओं को गति से चला पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। लिहाजा वित्त विभाग ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए सभी विभागों को राजस्व संग्रहण का लक्ष्य हासिल करने का तो निर्देश दिया ही है साथ ही कई विभागों की योजनाओं पर वित्तीय रोक लगा दी गई है। सूत्रों की मानें तो वित्त विभाग ने नगरीय प्रशासन विभाग की कई योजना सहित धार्मिक न्यास और धर्मस्य विभाग की योजनाओं पर वित्तीय रोक लगा दी है। इसका असर सीधे तौर पर महाकाल परिसर विकास योजना, मेट्रो ट्रेन के अलावा तीर्थ दर्शन योजना पर पड़ने का अनुमान है। वहीं बगैर अनुमति के राशि खर्च न करने की भी हिदायत दी गई है। सूत्रों का कहना है कि सरकार पर सबसे ज्यादा भार पूर्व से संचालित छात्राओं को स्कूटी देने, लाडली बहनाओं को राशि देने, साढ़े चार सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने, पंचायत कर्मचारी का वेतन बढ़ाने, संविदा कर्मचारियों के मानदेय में इजाफा साथ ही कॉलेज के अतिथि विद्वानों का मानदेय निर्धारित किए जाने से सरकार की वित्तीय स्थिति पर बुरा असर पड़ा है। साथ ही चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकार को लगभग 25 हजार करोड़ का कर्ज लेना पड़ सकता है। ऐसे में प्रदेश पर कर्ज का बोझ और बढ़ेगा। जिसके कारण वित्त विभाग ने कई योजनाओं पर राशि खर्च करने पर रोक लगा दी है।

## एमपीपीएससी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन, नारेबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 2019 में डिप्टी कलेक्टर, नायब तहसीलदार सहित अन्य कई पदों के लिए परीक्षा दे चुके अभ्यर्थियों ने रिजल्ट नहीं आने से परेशान होकर सोमवार को एमपीपीएससी कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर उन्होंने जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित करने की मांग की। आयोग के अफसरों ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही नतीजे घोषित हो जाएंगे। बता दें मामला कोर्ट में है। 15 दिसंबर को सुनवाई थी, लेकिन तारीख आगे बढ़ गई। परीक्षार्थी चाहते हैं कि नतीजे घोषित कर दिए जाए। पहले भी वे आयोग के अधिकारियों के सामने इस संबंध में अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। तब भी उन्हें आश्वासन ही मिला था।

# जन-जन तक पहुंचेगी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी गाड़ी : लालवानी

## बनेड़िया ग्राम पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शासन की सभी प्रमुख योजनाओं को प्रदेश के प्रत्येक कोने के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वार्ड एवं पंचायत वार चलाई जा रही है। जनप्रतिनिधि इस यात्रा का नेतृत्व कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस देपालपुर के बनेडिया ग्राम में सांसद श्री शंकर लालवानी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम वासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।**



सांसद श्री लालवानी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी गाड़ी है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रदेश के जन जन तक यह गाड़ी पहुंचकर उन्हें विकास की दौड़ में भागीदारी बनाएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय कैंप के माध्यम से हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं के लाभ प्रदान करने के लिए शिविर लगाए गए। क्विज एवं अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

## मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत होगी जांच और उपचार

**इंदौर**। मोतियाबिंद को खत्म करने के 'प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत' अभियान में मोतियाबिंद होने की संभावना वाले 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों की स्क्रीनिंग एवं जांच की जाएगी और जाँच के बाद मोतियाबिंद प्रभावितों का ऑपरेशन भी किये जाएगें। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य शासन के कार्यक्रम अनुसार मोतियाबिंद को खत्म करना 'प्रधानमंत्री मोतियाबिंद मुक्त भारत' अभियान का उद्देश्य है। नेत्र सर्जन के समन्वयय से दृष्टि सुरक्षित करने के इस अभियान की सघन माइक्रो प्लानिंग कर सर्जरी प्रोटोकॉल के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित कर अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम अधिकारी ने भी अभियान के बारे में जानकारी दी है।

# फायरिंग रेंज से 1200 परिवार दहशत में

◆ जबलपुर में लोग बोले- गोलियां न जाने कब सीना चीर दें, अब गांव छोड़ना पड़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में पांच गांवों के करीब 1200 परिवार इन दिनों दहशत में जी रहे हैं। कारण- न जाने कब, कौन सी गोली उनका सीना चीर जाए। जान बचाने के लिए कुछ लोग तो गांव छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। ये गांव विशेष सशस्त्र बल की फायरिंग रेंज के करीब बसे हैं। कई बार प्रैक्टिस के दौरान बंदूक की गोली गांवों में घरों तक आ जाती है।**

15 दिसंबर को फायरिंग रेंज की ओर से आई गोली वधार्घाट गांव के रहने वाले दिलीप को लग गई। उसे पांच टांके आए हैं। गांव में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। हालांकि अभी तक कोई बड़ी घटना तो नहीं हुई।

## घर से निकले और गोली लग गई

देवर दिलीप बेन मजदूरी करते हैं। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे की बात है। दिलीप टिफिन लेकर साइकिल से काम पर जाने निकले थे। इसी दौरान घर के सामने एक के बाद एक दो गोलियां आईं। एक गोली से तो वो बच गए, लेकिन दूसरी गोली हाथ में लगी। गोली लगते ही खून बहने लगा। उस समय उनकी 10 साल की बेटी भी पास ही खड़ी थी। अच्छा हुआ कि गोली बच्ची को नहीं लगी। दो में से एक गोली तो मिल गई, लेकिन दूसरी नहीं मिली।

देवर को अस्पताल में भर्ती करवाया। ये महज एक घटना है। डर है कि कहीं किसी की जान न चली जाए। समझ नहीं आ रहा कि क्या करें? गांव का शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जिनके आंगन में गोली आकर न गिरी हो।

## दो साल पहले बनी थी फायरिंग रेंज

पनागर क्षेत्र के रिठौरी ग्राम पंचायत के तहत चार एकड़ में एसएएफ की फायरिंग रेंज है। यहां सालभर में करीब 10 महीने सुबह से शाम तक शूटिंग की प्रैक्टिस चलती है। इस रेंज में बटालियन, आरपीएफ, जिला पुलिस, जीआरपी और बैंक सुरक्षा गार्ड की भी ट्रेनिंग होती है। रेंज में करीब 50 फीट का पहाड़ बना है। नीचे से ऊपर की ओर जवान प्रैक्टिस करते हैं।

इसी फायरिंग रेंज स्थित पहाड़ के दूसरी ओर वधार्घाट, रिठौरी, मटामर, पगरा और मझगवां गांव है। प्रैक्टिस के दौरान कई बार बंदूक की गोली इन गांवों तक पहुंच जाती है। सबसे ज्यादा प्रभावित वधार्घाट गांव है।

## जांच के निर्देश दिए

पीके सेन गुप्ता का कहना है कि घटना संज्ञान में आई है। पनागर तहसीलदार को मौके पर जाकर जांच के निर्देश दिए हैं। यह भी कहा गया है कि फायरिंग के दौरान मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से बात कर सुनिश्चित करें कि आखिर क्यों गांव तक गोली भटक कर पहुंच रही है?

जल्द ही, फायरिंग रेंज में प्रशिक्षण देने वाले विभाग जैसे कि आरपीएफ, जीआरपी, बटालियन के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। एसडीएम ने यह भी कहा कि तहसीलदार और पटवारी प्रभावित गांवों में जाकर देखेंगे।

# परासिया कांग्रेस विधायक का बेटा गिरफ्तार

### पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप

**छिंदवाड़ा। परासिया से कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि की बहू मोनिका के सुसाइड केस में उनके बेटे आदित्य वाल्मीकि को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी एसपी विनायक वर्मा ने दी।**

एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट ने बताया कि रविवार को उसके खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। मोनिका की बहन रितिका ने पिछले दिनों जीजा पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। परिजन ने चांदामेटा थाने में शिकायत की थी। 14 नवंबर की सुबह 11 बजे जब आदित्य टिफिन लेने घर आया, तो कमरे का दरवाजा बंद था। उसने भाई की मदद से दरवाजा तोड़ा, तो मोनिका फंदे पर लटकी थी। विधायक सोहन वाल्मीकि के तीनों बेटे संयुक्त रूप से परासिया में रहते हैं। बड़ा बेटा आदित्य क्षेत्रीय कर्मशाला चांदामेटा में पदस्थ है। आदित्य की शादी दो साल पहले इटारसी निवासी मोनिका से हुई थी।

## मां वहां पहुंची तो बहन की मौत हो चुकी थी

मोनिका की बहन रितिका ने कहा, हाआदित्य मेरी बहन के साथ मारपीट करते थे। इसी को लेकर बहन ने फांसी लगाई है। मोनिका पिछले कुछ दिनों से मायके इटारसी में थी। जीजा आदित्य ने उसे फोन करके बुलाया था कि पापा (सोहन वाल्मीकि) विधायक बन गए हैं, इसलिए तुम भी बधाई देने आ जाओ। मेरी मां मोनिका को छोड़ने परासिया गई थी। वहां से जब मां इटारसी पहुंची तो दीदी का फोन आया। कहा कि यह (आदित्य) मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं। फोन के बाद जब मम्मी परासिया पहुंचीं तो देखा मोनिका की मौत हो चुकी थी।

## आदित्य से शादी करने से किया था इनकार

मोनिका के परिजन ने बताया, हाआदित्य के परिवार ने जब शादी की बात चलाई थी तो हमने मना कर दिया था। क्योंकि तब आदित्य के पास नौकरी नहीं थी। इसके कुछ समय बाद आदित्य की नौकरी लग गई। जिसके बाद मोनिका और आदित्य की शादी हुई।

# प्रदेश में बारिश से पहले तेज सर्दी

### इंदौर, उज्जैन में सीजन की सबसे सर्द रात भोपाल, ग्वालियर में भी ठिठुरन बढ़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड रही। प्रदेश में सबसे सर्द रात पचमढ़ी की रही। रविवार रात पारा 6.4 डिग्री पहुंच गया। यह इस सीजन में सबसे कम है। इंदौर और उज्जैन में भी इस सीजन की सबसे सर्द रात रही। इंदौर में रात का तापमान पहली बार 12.6, उज्जैन में 10 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।**

ग्वालियर में लगातार 8 दिन से न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे है। भोपाल में भी टेम्प्रेचर में गिरावट आई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 4 दिन तक ठंड का असर बना रहेगा। इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट भोपाल ने अगले 48 घंटे में रात के तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने की बात कही है। ऐसे में ज्यादातर शहरों में पारा 10 डिग्री के नीचे आ सकता है।

## उमरिया, रीवा में भी पचमढ़ी जैसी ठंड

उमरिया, पचमढ़ी और रीवा की रात सबसे सर्द रही। यहां रविवार रात का पारा 6.4 दर्ज हुआ। प्रदेश में सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री इंदौर में रहा। बाकी शहरों में इससे कम ही टेम्प्रेचर रहा।

## आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन के अनुसार, जम्मू कश्मीर - लद्दाख के पास वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौजूद है। यह मध्यप्रदेश के मौसम को भी प्रभावित कर रहा है। 22-23 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश भी होने का अनुमान है।

## इतनी ठंड इसलिए...

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवाती हवा के घेरे का असर प्रदेश में पड़ा है। इस वजह से शनिवार से मौसम बदला है। इस घेरे के कारण अरब सागर से नमी आई तो मौसम में हुए बदलाव के कारण दिन में फिर ठंडक बढ़ गई। घना कुहासा भी छा रहा है। उत्तरी हवाओं ने दिन में कंपकंपी बढ़ा दी है।

# कपल ने सीएम से लगाई जान बचाने की गुहार

### वीडियो जारी कर कहा- हम अलग-अलग जाति के हैं, घरवाले मारना चाहते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। शिवपुरी में एक प्रेमी जोड़े ने घर से भागकर शादी कर ली। दोनों अलग-अलग जाति के हैं, इसलिए लड़की के परिवार को शादी नागवार गुजरी। वे कपल को गोली मारने की धमकी दे रहे हैं। कपल ने वीडियो जारी कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जान बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि घरवाले जान से मारना चाहते हैं, हमारी जान बचा लीजिए।**

मामला इंदार थाना क्षेत्र के ऐजवारा गांव का है। अरविंद जाटव (23) ने बताया कि गांव की ही रहने वाली संध्या ओझा (21) से मेरी बचपन की दोस्ती थी। दोनों एक ही स्कूल में पढ़े। साथ खेले और बड़े हुए। इस बीच हमारी दोस्ती प्यार में बदल गई। मैं नौकरी करने बाहर चला गया। इसके बाद भी हमारी बात फोन पर होती रही।

अरविंद ने बताया कि संध्या के परिजन शादी करने के लिए राजी नहीं थे। इसी के चलते हम दोनों ने भागकर शादी करने का फैसला किया था। 12 दिसंबर को मैं गुना पहुंच गया था और संध्या बस से गुना आ गई थी। हम दोनों ने पहले मंदिर में शादी की। इसके बाद गुना कोर्ट पहुंचकर शादी कर ली थी।

## माता-पिता और चाचा-मामा धमका रहे

संध्या ने बताया कि भागकर शादी करने के बाद उसके माता-पिता और चाचा-मामा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। भय के कारण शादी के बाद से हम दोनों अज्ञातवास की तरह एक कमरे में कैद होकर रह गए हैं।

संध्या ने कहा कि जैसे ही मैं अपना मोबाइल चालू करती हूं, मेरे घर से फोन आ जाता है और गोली मारने की धमकी दी जाती है। हम दोनों बहुत भयभीत हैं। इसी के चलते हमने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है।

## पुलिस ने कहा- मांगने पर देंगे सुरक्षा

इंदार थाना प्रभारी दिनेश नरवरिया ने बताया, हायुवती के परिजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान हमें जानकारी मिली कि उसने प्रेम विवाह कर लिया है। वह बालिग है। युवती को थाने आकर बयान दर्ज कराना होगा। अगर वह थाना क्षेत्र में सुरक्षा की मांग करती है तो उसे सुरक्षा दी जाएगी।

# एसपी ऑफिस के सामने महिला ने की आत्मदाह की कोशिश

### भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने एक महिला ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे की है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला को समझाइश दी। दरअसल, लगभग छह माह पूर्व एसपी बंगले के पीछे रहने वाली गीता सिंह ने जमीन खरीदी मामले में लगभग 50 लाख के धोखाधड़ी की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा दिया था। इसके बाद महिला ने मामले की कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद परेशान गीता सिंह ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

# दोस्त से मिलने खुद रची अपने अपहरण की कहानी

◆ पास रहने वाली बच्ची को भी साथ ले गई किशोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** सतना शहर के पास ग्राम सोहावल से 5 साल की बच्ची और स्कूली छात्रा (16 साल) के लापता होने की जिस घटना ने हड़कंप मचा रखा था उसकी कहानी कुछ और ही निकली। हर कोई इसे अपहरण मान रहा था लेकिन जब पुलिस दोनों नाबालिगों तक पहुंची और सच सामने आया तो हर कोई हैरान रह गया। इसमें 16 वर्षीय किशोरी ने अपने दोस्त से मिलने जाने के लिए अपने ही अपहरण की कहानी रची थी। हालांकि रविवार को दोनों लड़कियां सकुशल अपने घर पहुंच गई हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम सोहावल से शनिवार लापता हुई मासूम समेत दोनों नाबालिग लड़कियां रविवार को वापस अपने घर पहुंच गईं। सतना पुलिस की टीम उन्हें यूपी के सुल्तानपुर से ले आई। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। लेकिन पुलिस को सतना से यूपी के सुल्तानपुर तक दौड़ाने वाले इस मामले का जब सच सामने आया तो पता चला कि अपहरण की कहानी ही झूठी है। यह सब कुछ 11वीं में पढ़ने वाली उस छात्रा के दिमाग की उपज थी जो खुद तो गायब हुई ही और साथ 5 वर्षीय मासूम को भी ले गई। सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि 11वीं की छात्रा और मासूम बालिका दोनो सतना पुलिस को यूपी के सुल्तानपुर में मिलीं। छात्रा का मामा वहां रहता है। छात्रा वहां अपने एक दोस्त से मिलने गई थी। लगभग 3 महीने पहले उसी दोस्त ने छात्रा को मोबाइल फोन भी दिया था।

Uttarpradesh

# ज्ञानवापी केस में मुस्लिम पक्ष को झटका, इलाहाबाद HC ने खारिज की याचिका; जारी रहेगा मंदिर बहाली का मुकदमा

**प्रयागराज, (एजेंसी)** ज्ञानवापी विवाद की कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दायर याचिकाओं के एक बैच को खारिज कर दिया, जिसमें वाराणसी अदालत में लंबित मंदिर बहाली की मांग करने वाले सिविल मुकदमे की स्थिरता को चुनौती दी गई थी। हिंदू पक्ष के वादी के मुताबिक ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर का ही एक हिस्सा है। अदालत ने कहा कि यह मुकदमा, जो राष्ट्रीय महत्व का है, चलने योग्य है और धार्मिक पूजा स्थल अधिनियम, 1991 द्वारा वर्जित नहीं है। यह निर्णय पवित्र स्थल के आसपास चल रही कानूनी लड़ाई के लिए पर्याप्त निहितार्थ रखता है।

अदालत ने आगे आदेश दिया कि मामले की तात्कालिकता को रेखांकित करते हुए, निचली



अदालत में मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाई जानी चाहिए। छह महीने के भीतर इसे समाप्त किया जाना चाहिए। कोई भी अंतरिम आदेश, यदि अस्तित्व में है, न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया है। यह फैसला एएसआई द्वारा जिला अदालत में मस्जिद परिसर पर एक सीलबंद कवर में एक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एक दिन बाद आया है। इसमें अगली सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तारीख तय की गई है। यदि आगे की जांच आवश्यक समझी जाती है, तो निचली अदालत एएसआई को निर्देश दे सकती है।

काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र हिंदू मंदिरों में से एक है। यह वाराणसी में गंगा नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर के बगल में है और इसका निर्माण 17 वीं शताब्दी में मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा किया गया था।

इस मामले में कुल पांच याचिकाएं दाखिल थीं जिनमें सर्वे आदेश और स्वामित्व को लेकर विवाद था।

Bihar

## आंखें निकाली, जीभ और गुप्तांग काटा... गोपालगंज में प्रेमिका ने दी पुजारी को खौफनाक मौत

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज में हुए पुजारी मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. इस वारदात उसकी शादीशुदा प्रेमिका ने अपनी चाची और भाई के साथ मिलकर अंजाम दिया था. इसके पीछे की वजह ये थी कि पुजारी उसे अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर रहा था. जिसकी उसने ऐसी सजा दी कि खुलासा होने पर लोगों के रौंगटे खड़े हो गए.

डीआईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि मनोज कुमार अपनी प्रेमिका नेहा कुमारी की शादी के बाद भी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता था. इसी बीच नेहा अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए मायके आई.

इस दौरान पुजारी उसे ब्लैकमेल करने लगा. इसी बात से नाराज प्रेमिका ने अपने भाई और चाची के साथ मिलकर अपने घर बुलाया. करीब चार दिन तक बंधक बनाकर रखने के बाद हत्या कर दी थी. 16 दिसंबर को उसका शव गांव में ही झाड़ी से बरामद किया गया था. हत्या के बाद उसकी दोनों आंखें निकाल ली गई थीं.

Rajasthan

## 5 सांडों ने मिलकर 17 साल के लड़के पर किया हमला

**नागौर, (एजेंसी)** राजस्थान के नागौर से दिल को दहलाने वाला वीडियो सामने आया है. वीडियो में दिख रहा है कि 5 सांडों ने मिलकर 17 साल के लड़के पर हमला कर दिया. बेकाबू सांड लड़के को करीब 1 मिनट तक रोंदते रहा. सांडों का आतंक पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई. वहीं, दोस्तो के बीच बचाव के चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. दरअसल, पूरा मामला नागौर जिले के मेड़ता के रेण रोड पर स्थित गरीब नवाज गेस्ट हाउस के बाहर का है. यहां के एक होटल में जफर पठान अपने दोस्त रेयान और मोयल के साथ खाना खाने जा रहा था. इसी बीच जफर मेड़ता की रेण रोड स्थित गरीब नवाज गेस्ट हाउस के पास पहुंचा, तो सांड सड़क पर चलता हुआ आया. फिर अचानक वहा खड़े चार-पांच युवकों को छोड़कर जफर पठान को निशाना बनाया.

Tamil Nadu

## तमिलनाडु में बाढ़ से तीन की मौत, ट्रेन में फंसे 800 यात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुटी NDRF

**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले इन दिनों बाढ़ जैसे हालात से जूझ रहे हैं। दरअसल इन जिलों में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमिलनाडु में बारिश और बाढ़ के चलते पैदा हुए हालातों में तीन लोगों की मौत हो गई है। तमिलनाडु के थुटुकुडी जिले में कई जगहों पर रविवार को 525 मिमी बारिश हुई। इसके चलते थुटुकुडी में बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह त्रस्त है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान ने बाढ़ से जूझ रहे लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में वायुसेना के हेलीकॉप्टर्स से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया जा रहा है।

दरअसल मौसम विभाग ने कहा है कि मंगलवार को भी तमिलनाडु के कई जिलों में हल्की से भारी बारिश हो सकती है। चेन्नई के मौसम विभाग ने बताया है कि अगले तीन घंटों में तमिलनाडु के कराईकल और कई अन्य जिलों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। जिन जिलों में भारी बारिश का अनुमान है, उनमें पुडुकोट्टई, तंजावुर, थिरुवर, नागापत्तिनम, रामानाथपुरम और शिवगंगाई शामिल हैं।

खेल

# खिलाड़ियों की नीलामी आज, 10 टीमों के पास कुल 77 जगह खाली, दांव पर लगेंगे 263 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 की मिनी बोली में देश और विदेश के कई क्रिकेटरों की किस्मत खुलने जा रही है। दुबई में मंगलवार (19 दिसंबर) को होने वाली बोली में 10 टीमें 262.95 करोड़ रुपये की राशि दांव पर लगाएंगी। इस राशि के दम पर ये टीमें बोली के लिए उपलब्ध 333 क्रिकेटरों में से 77 उपलब्ध स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी। निगाहें गुजरात टाइटंस पर होंगी। उसे मुंबई इंडियंस चले गए हार्दिक पंड्या की जगह भरनी है। सबसे ज्यादा राशि भी 38.15 करोड़ रुपये उसके पास बची है।

सबसे ज्यादा 12 स्थान कोलकाता नाइटराइडर्स को भरने हैं। उसके पास गुजरात के बाद सबसे ज्यादा 32.7 करोड़ रुपये बचे हैं। 10 टीमों में सबसे कम राशि लखनऊ के पास 13.2 करोड़ रुपये बची है, जबकि उसे छह स्थान भरने हैं।

आईपीएल के इतिहास में पहली बार विदेशी धरती पर होने



वाली बोली में शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, रचिन रवींद्र जैसे कैप्ड क्रिकेटरों के अलावा यूपी के समीर रिजवी, महाराष्ट्र के अर्शिन कुलकर्णी, मुंबई के मुशीर खान जैसे अनकैप्ड युवा क्रिकेटरों पर पैसा बरसने की उम्मीद है।

**चेन्नई की निगाह शार्दुल पर-** चेन्नई सुपरकिंग्स के पास 31.4 करोड़ रुपये की राशि शेष है। बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में धोनी की टीम शार्दुल ठाकुर पर 10 करोड़ तक की राशि लगा सकती है। अंबाती रायुडू के स्थान को भरने के लिए मनीष पांडे पर दांव लगाया जा सकता है। जोश हेजलवुड भी उसके राडार में रहेंगे। हालांकि, मार्च-अप्रैल में नहीं खेलेंगे। हेजलवुड मई में ही टीम से जुड़ सकते हैं।

**दिल्ली का हर्षल पर रहेगा फोकस-** दिल्ली कैपिटल्स के पास 28.95 करोड़ की राशि शेष है। ये टीम हर्षल पटेल के अलावा शार्दुल ठाकुर, जोश इंग्लिस, वानिंदु हसरंग के अलावा स्थानीय क्रिकेटर प्रियांश राणा पर दांव लगा सकती है। साथ ही यूपी टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी और स्वास्तिक चिकारा भी उसकी निगाह में रहेंगे।

**गुजरात की निगाह ऑलराउंडरों पर-** गुजरात टाइटंस के पास 38.15 करोड़ की राशि शेष है। हार्दिक की जगह भरने के लिए गुजरात शार्दुल, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, अजमतुल्लाह ओमरजई जैसे ऑलराउंडरों पर दांव लगा सकती है।

**केकेआर का दांव तेज गेंदबाजों पर-** केकेआर के पास 32.7 करोड़ की राशि शेष है। उसे तेज गेंदबाजों की जरूरत है। ऐसे में मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, हर्षल पटेल और रचिन रविंद्र पर उसकी निगाह रहेगी।

**लखनऊ की निगाह कोएत्जी और मदुशंका पर-** लखनऊ के पास सबसे कम 13.15 करोड़ रुपये शेष हैं। उसे भी तेज गेंदबाज की जरूरत है। ऐसे में गेराल्ड कोएत्जी, दिलशान मदुशंका, स्टार्क, हेजलवुड भी उसके राडार में रहेंगे। दक्षिण अफ्रीकी नांद्रे बर्गर पर भी दांव लग सकता है।

सिनेमा

## प्रभास पर पैसे लगाने से बच रहे मेकर्स? सालार तय करेगी सारा खेल, दांव पर करियर



साल के अंत में पैन इंडिया के दो सुपरस्टार शाहरुख खान और प्रभास आमने-सामने टकराने वाले हैं. शाहरुख एक ओर जहां राजकुमार हिरानी की संग डंकी लेकर आ रहे हैं, तो वहीं प्रभास की मासी फिल्म सालार भी उसी दिन रिलीज हो रही है. ट्रेड पंडितों का मानना है कि पिछले कुछ समय से फ्लॉप फिल्मों का दंश झेल रहे, प्रभास की करियर के लिए सालार का हिट होना बहुत जरूरी है. साउथ के ट्रेड पंडित रमेश बाला कहते हैं, 'बाहुबली की रिलीज के बाद जिस तरह का स्टारडम प्रभास ने क्रिएट किया था, उसके बाद से उनसे उम्मीदें कहीं गुना बढ़ गई थी. इसमें कोई राय नहीं कि पैन इंडिया एक्टर का ट्रेंड भी प्रभास की वजह से शुरू हुआ है. हालांकि बाहुबली के बाद प्रभास कुछ खास कमाल दिखा नहीं पाए हैं. चाहे वो बॉलीवुड हो या साउथ उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एवरेज रही हैं. खासकर हिंदी बेल्ट में उनकी रिलीज हुई फिल्म राधेश्याम और आदिपुरुष तो फ्लॉप ही करार दी गई है.' रमेश आगे कहते हैं, 'हमारी इंडस्ट्री का यह दस्तूर है कि चढ़ते हुई सूरज को हमेशा सलाम किया जाता है. ऐसे में प्रभास पर कई मेकर्स पैसे लगाने से बच रहे हैं. कई तो सालार की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.

# संपादकीय

## ये कैसी मजबूरी

पेराई सत्र देर से शुरू होने और चीनी उत्पादन में कमी का मुख्य कारण गन्ने की बुआई का रकबा घटना है। हालांकि गन्ना सबसे सुरक्षित नगदी फसल मानी जाती है। इस पर मौसम की मार का भी बहुत असर नहीं पड़ता। मगर किसान गन्ना बोने में रुचि कम लेने लगे हैं तो इसकी बड़ी वजह चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान न किया जाना और पेराई सत्र समय से पहले ही समाप्त कर देना रहा है। मिलें गन्ना नहीं खरीद पातीं, इसलिए हर वर्ष बहुत सारे किसानों को खेत में ही खड़ी फसल जलानी पड़ जाती है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुआ। वहां उत्पादन 15 दिसंबर तक बढ़ कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था। इस वर्ष महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन और कर्नाटक में 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन रह गया है। इस तरह इस वर्ष भी चीनी के निर्यात पर रोक लगाने के अलावा कोई उपाय नहीं होगा। चीनी उत्पादन के मामले में भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। मगर पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह इस क्षेत्र में गतिरोध पैदा हो रहा है, उसके मद्देनजर चीनी के निर्यात में कमी करनी पड़ रही है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने चालू विपणन वर्ष में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। इस वर्ष चीनी का उत्पादन 325 लाख टन होने की उम्मीद है। इसके अलावा 56 लाख टन चीनी का भंडारण है। जबकि खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। ऐसे में सुरक्षित भंडार में चीनी रखने के बाद अधिक निर्यात की गुंजाइश नहीं रहेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें पहले ही काफी ऊंची हैं। इसलिए वहां से चीनी मंगाने का फैसला करना मूल्य नियंत्रण के मामले में परेशानी पैदा करने वाला होगा। कुछ दिनों पहले चीनी उत्पादन में गिरावट को देखते हुए सरकार ने गन्ने के रस से एथेनाल बनाने पर रोक लगा दी थी, हालांकि अब वह हटा ली गई है। पर जाहिर है, इससे एथेनाल के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है।

**अर्ज किया है..!**

*ज़ालिम था वो और जुल्म की आदत भी बहुत थी*
*मजबूर थे हम उस से मोहब्बत भी बहुत थी*

-कलीम आजिज़

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**रोना बंद करो और अपनी तकलीफों से लड़ना सीखो क्योंकि साथ देने वाले भी श्मशान से आगे नहीं जाएंगे**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# निमोनिया से राहत पाने में मदद करVते हैं ये फूड्स, डाइट में करें शामिल

**निमोनिया एक तरह का इंफेक्शन है जो फेफड़ों में होता है। जिसकी वजह से फेफड़ों से एयर सैक में सूजन आ जाती है। कई बार निमोनिया जानलेवा भी हो जाता है। जिसका कारण फेफड़ों में पानी भर जाना होता है। ये पानी एक तरह का पस या लिक्विड होता है। जिसकी वजह से फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं। इसलिए निमोनिया का सही समय पर इलाज बेहद जरूरी है। निमोनिया के शुरुआती लक्षण काफी ज्यादा सर्दी और जुकाम से मिलते जुलते होते हैं। सर्दी-जुकाम और कफ के साथ जब सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द, तेज खांसी के साथ कोल्ड हो जाता है। तो ये लक्षण निमोनिया के होते हैं। ऐसे में सही इलाज बेहद जरूरी होता है। इलाज के साथ ही निमोनिया से जल्दी ठीक होने में डाइट में कुछ फूड्स को भी शामिल करना चाहिए।**



### संतरा

संतरे में विटामिन सी काफी ज्यादा मात्रा में होता है। ऐसे में हेल्दी रहने और किसी भी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए संतरे को जरूर खाना चाहिए। हालांकि गले की खराश और खांसी होने पर बहुत ज्यादा खट्टे संतरे को खाने से बचना चाहिए। संतरे के साथ विटामिन सी के लिए नींबू, बेरीज और कीवी जैसे फ्रूट्स को भी खाया जा सकता है।

### साबुत अनाज

साबुत अनाज जैसे जौ, ब्राउन शुगर, ओट्स में कार्बोहाइड्रेट होता है जो कि निमोनिया से रिकवरी में एनर्जी देता है। साबुत अनाज में मौजूद सेलेनियम की मात्रा इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है। साथ ही विटामिन बी बॉडी टेंपरेचर को कंट्रोल करता है। जिससे निमोनिया के दौरान होने वाले बुखार और इंफेक्शन से लड़ने में शरीर को मदद मिलती है।

### गर्म पानी, गर्म हेल्दी ड्रिंक

निमोनिया से रिकवरी में गर्म ड्रिंक काफी हेल्प करती है। लेकिन किसी भी गर्म ड्रिंक को थोड़ा-थोड़ा और घूंट-घूंट करके पीना फायदेमंद है। अगर आप ढेर सारा और एकसाtथ पी लेते हैं तो इससे परेशानी हो सकती है। मुलेठी की चाय, हल्दी की चाय पीने से निमोनिया की रिकवरी में मदद मिलती है।

### शहद

शहद को एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी माना जाता है। सर्दी-जुकाम में ऑर्गेनिक शहद खाना काफी राहत देता है। खासतौर पर गले की खराश में शहद फायदेमंद है। निमोनिया के लक्षणों में शहद को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

### अदरक

अदरक फेफड़ों को हेल्दी रखने में मदद करता है और सांस से जुड़ी दिक्कतों को ठीक करता है। इसलिए निमोनिया की शिकायत होने पर अदरक को डाइट में लें। ये फेफड़ों में जमा म्यूकस को हटाने में मदद करता है।

Highlights

1. People Share Brutally Honest, Worst Break-Up Texts They Received
2. How Celebrating Graduation on Social Media Got This Woman Trolled
3. Karnataka Mandates Face Masks for 60+ Amid JN.1 Virus Concerns
4. Pt Nehru's portrait replaced with BR Ambedkar's poster in MP Assembly

# HDFC Life Enters into a Corporate Agency Tie-up with Karur Vysya Bank (KVB) to Offer Life Insurance Solutions to its Customers

**Mumbai, (Agency).** Mumbai (Maharashtra) [India], December 19: HDFC Life, one of India's leading life insurers, and Karur Vysya Bank have entered into a Corporate Agency (CA) arrangement, today.

This CA arrangement will enable customers of Karur Vysya Bank to avail HDFC Life's wide range of life insurance products which include solutions for protection, savings and investment, retirement and critical illness.

India is largely under-insured. The protection gap in India is higher than that of most developed markets. For every individual with responsibilities, it is necessary to secure themselves and their families financially. Life insurance is a product that not only provides financial security but also enables individuals to save over the long term in a disciplined manner thus fulfilling their long-term financial goals.

HDFC Life constantly endeavors to reach out to individuals across geographies thus ensuring that they are protected with a financial safety net. This partnership with Karur VysyaBank will further strengthen HDFC Life's efforts towards Insuring India.

Karur Vysya Bank has a 107-year-old banking legacy and has been at the forefront of providing professional banking services and quality customer service. The Bank has a wide presence with a network of 827 branches spread across 20 states and 3 Union Territories.

This partnership will enable both HDFC Life and Karur Vysya Bank to offer superior life insurance products and services to their customers at scale.

B Ramesh Babu, Managing Director & CEO of the Bank said, "Karur Vysya Bank has always endeavored to offer the best of financial services under one roof. Our Corporate tie-up with HDFC Life will provide one more option to our customers while charting their insurance plans. Since HDFC Life offers claim intimation process online, our customers can avail the services without stepping out of their homes. Together we look forward to creating a seamless experience that aligns with our shared value of trust, reliability and customer-centricity."

Speaking on the arrangement, Suresh Badami, Deputy Managing Director of HDFC Life said, "We are delighted to partner with Karur Vysya Bank, a well-respected bank with a rich legacy of over 100 years. This tie-up will enable us to offer our strong product proposition to their customers. We will work closely together to achieve India's vision of 'Insurance for All' by 2047."

Speaking on the development, Dolphy Jose, Chief General Manager & Head-Consumer Banking, Karur Vysya Bank said, "We are thrilled to announce our strategic partnership with HDFC Life. This collaboration is a testament to our commitment to providing comprehensive financial solutions. This alliance will enable us to offer a diverse range of life insurance products tailored to meet varying needs and our focus remains on simplifying the path to financial wellbeing for our customers."

# Govt slashes additional excise duty on domestic crude oil to ₹1300

**NEW DEIHI, (Agency)** The government on Monday cut the windfall profit tax on crude oil produced in the country and on exports of diesel.

The tax, levied in the form of Special Additional Excise Duty or SAED, on domestically produced crude oil has been reduced to ₹1,300 from ₹5,000 per tonne, according to an official notification.



SAED on the export of diesel has been reduced to ₹0.50 a litre from ₹1 per litre.

However, the levy on export of jet fuel or ATF has been hiked to ₹1 per litre from nil earlier.

SAED on petrol will continue to be zero. The new tax rates will come into effect from Tuesday.

India first imposed windfall profit taxes on July 1 last year, joining a growing number of nations that tax supernormal profits of energy companies.

The tax rates are reviewed every fortnight based on average oil prices in the previous two weeks.

# रैली के रूप में पदभार ग्रहण करने इंदौर से निकले पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र कांग्रेस के नए कप्तान इंदौर के जीतू पटवारी आज पीसीसी चीफ का पद संभालेंगे। इसके लिए वह इंदौर से सुबह 9 बजे रवाना हुए। जीतू इंदौर से सबसे पहले उज्जैन जाएंगे। यहां वह बाबा महाकाल का दर्शन करने के बाद भोपाल के लिए रवाना होंगे। वह दोपहर 3 बजे भोपाल पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के सभी विधायक, जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस पदभार ग्रहण समारोह में कमलनाथ और अजय सिंह व्यस्तता के कारण शामिल नहीं होंगे।**



जीतू पटवारी 11 बजे देवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर होते हुए दोपहर 3 बजे भोपाल पहुंचेंगे। भोपाल पहुंचते ही जीतू का स्वागत किया जाएगा। जिसके बाद वह बैरागढ़, इमामी गेट बुधवारा, लिली टॉकिज, रोशनपुरा और लिंक रोड़-1 से होते हुए पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुचेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जीतू पटवारी ने मीडिया से कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को धन्यवाद। मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेताओं और युवाओं के सहयोग से ही मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। अब आने वाले समय में कांग्रेस के विचार को कैसे सामूहिक नेतृत्व के साथ घर-घर पहुंचना है, मैं इस भावना को जानता हूं।

# कंपनी में काम करने वाले ने लूटी अस्मत

### पति और बेटे को मारने की धमकी देकर करता रहा शोषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने सांवेर रोड़ पर रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने कंपनी में काम करने के दौरान पीड़िता से पहचान कर एक साल तक डरा धमकाकर उसके साथ रेप किया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 22 साल की शादीशुदा महिला ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करती है। यहां काम के दौरान राहुल उर्फ मुश्ताक से उसकी पहचान हुई। राहुल ने दोस्ती की जिसके बाद करीब 15 दिन बाद वह मिलने घर आया। पति के नही होने पर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती की। इस दौरान पीडिता ने उसे रोका तो उसने जान से मारने की धमकी दी। बाद में पीडिता ने यह बात पति को बताने के लिए कही तो आरोपी ने बेटे और पति को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आए दिन धमकाते हुए अलग अलग जगह पर बुलाकर गलत काम करता रहा। पीडिता के साथ आरोपी ने सबंध बनाए रखने की बात पर सोमवार को इलाके में मारपीट की और भाग गया। बाद में पीडिता ने पूरी बात अपने पति को बताई। जिसके बाद पुलिस ने राहुल उर्फ मुश्ताक के खिलाफ रेप सहित डराने धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# ट्रेन की चपेट में आई कार

### अलसुबह हुआ हादसा, कार दूर तक घिसटते गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक कार मंगलवार सुबह 6 बजे ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा बाणगंगा इलाके में सुपर कॉरिडोर के पास रेलवे क्रॉसिंग पर हुआ। ट्रैक क्रॉस करने के दौरान कार फंस गई थी। तभी ट्रेन आ गई। समय रहते ड्राइवर वहां से दूर भाग गया। ट्रेन कार को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गई।**

बाणगंगा पुलिस ने बताया, कार दिल्ली से इंदौर आ रही थी। रेलवे क्रॉसिंग के दौरान मिट्टी और पत्थर होने से फंस गई। कुछ देर बाद ट्रैक से जयपुर-दिल्ली सुपर फास्ट ट्रेन निकली, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कोई जनहानि नहीं हुई है। कार दवा बाजार के राजेश गुरबानी की बताई जा रही है। मौके पर एफआरवी (फस्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) और रेलवे की टीम भी पहुंची है। रेलवे के अफसरों ने मौका मुआयना किया। टक्कर के बाद कार के पुर्जे ट्रेन के इंजन में फंसे रहे। इस दौरान ट्रेन को भी रोकना पड़ा। बाद में इंजन और पटरी को चेक कर ट्रेन को धीमी गति से आगे बढ़ाया गया।

## दाल मिल में कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** उद्योग नगर पालदा में एक दाल मिल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थति में मौत हो गई। बताया जाता है कि वह मजदूरो को काम बताने के बाद बारदान पर जाकर बैठे इसी दौरान वह अचानक से बेसुध हो गए। उन्हें नजदीक के असपताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक कैलाश(47) पुत्र यास्ता सोलंकी निवासी विराट नगर तन्य मिल पालदा इलाके में मिल मास्टर के पास पर काम करते है। सोमवार शाम करीब 5 बजे के लगभग वह मिल में मजदूरो से बात कर रहे थे। इसके बाद वह नजदीक ही बारदान पर जाकर बैठ गए। इस दौरान वह गश खाकर वही लेट गए। मजदूरो ने उन्हें उठाया तो किसी तरह की हलचल नही दिखी। इसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया। कैलाश मूल रूप से बड़वाह के रहने वाले है। उनके परिवार में एक बेटा है। वह भी अन्य कंपनी में नौकरी करता है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। एमआईजी के शिवशक्ति नगर में रहने वाले कमल की गिरने से मौत हो गई। धीरज नाम का युवक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। मंगलवार को कमल के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# कुएं में गिरा तेंदुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू के समीप ग्राम मानपुर के खुर्दा में मंगलवार सुबह एक तेंदुआ कुएं में गिर गया। वह कुंए में तैरता दिखाई दिया। सूचना लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ तेंदुए को देखने उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी है। कुछ देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुए को कुएं में से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू करेगी। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तेंदुआ कई बार कुएं में से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा है, लेकिन वह असफल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कुंए के पास मुंडेर नहीं होने से तेंदुआ कुएं में जा गिरा।

# सील गोदाम का शटर काटकर चावल निकाले, संचालक पर प्रकरण दर्ज

### खाद्य विभाग की टीम को शटर के कुंदे टूटे मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का चावल मिलने पर पालदा स्थित गोदाम को खाद्य विभाग ने सील कर दिया था। इस सील गोदाम का निरीक्षण करने पहुंची खाद्य विभाग की टीम को शटर के कुंदे टूटे हुए मिले। इसके बाद सील गोदाम में रखे चावल की अफरा-तफरी करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने पर गोदाम संचालक मुकेश रोकडे के खिलाफ भंवरकुआं थाना में प्रकरण दर्ज कराया गया।

खाद्य विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर उद्योग नगर पालदा स्थित गोदाम का निरीक्षण 15 दिसंबर को किया था। उक्त गोदाम मुकेश रोकडे ने राजकुमार गुप्ता से किराए पर लिया था। गोदाम संचालक रोकडे जांच के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं होने और शटर का ताला लगा होने पर गोदाम को सील कर दिया गया था। इसके बाद मुकेश रोकडे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

जिला आपूर्ति नियंत्रक मोहन मारू ने बताया कि 17 दिसंबर को खाद्य विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान गोदाम सील मिला, लेकिन शटर के कुंदे कटे हुए थे। इसके बाद गोदाम का भौतिक सत्यापन किया, तो इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आठ बोरे चावल मिले, जिन्हें जब्त किया गया। मुकेश रोकडे पर आइपीसी की धारा 186 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## वृद्धा को बेटे-बहू ने पीटा

**इंदौर।** तिलक नगर इलाके में पारिवारिक और संपत्ति विवाद में बेटी के घर रह रही बुजुर्ग महिला को बेटे बहू और पोते ने पीट दिया। थाना तिलक नगर पुलिस ने बताया कि पद्मा पति गिरधर गोपाल सुरेका निवासी आशीष नगर की शिकायत पर उसके बेटे अजय सुरेका, बहू अंशु निवासी महाराष्ट्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक